लेकिन हम ऐसा होने नही देगें, क्योंकि ? हमें महाराज ने सत्संग देकर सब कुछ सरल कर दिया है । इसलिये सतर्क होकर विवेक पूर्वक ज्ञान प्राप्त करने की जरुरत है । परंतु हम जाग्रत नहीं रह सकते क्योंकि हमारा ज्ञान अधूरा है । संसार नाशवंत है, क्षणिक है हमें ज्ञान है फिर भी मोह के अभी भूत होने से ज्ञान उद्दीप्त नहीं हो पाता वह भीतर छिपाही रह जाता है । इसलिये विचार करने की जरुरत है शरीर क्या है ? आत्मा क्या है ? जगत क्या है ? शरीर नाशवंत है । शरीर आत्मा के रहने का घर है । इसके भीतर रहने वाला आत्मा स्थाई है, वही अपना स्वरुप हैं । सभी क्रियायों से परे है तथा ज्ञान स्वरुप है । परंतु हम शरीर को देख सकते हैं आत्मा को नहीं । इलिये उसे हम भूल जाते हैं । जिस तरह चकमक पत्थर हो, उसके भीतर अग्नि होती है फिर भी हम उसे देख नही सकते । जब उस पत्थर को घिसते है तब वह दिखाई देती है । इसी तरह इस शरीर को सत्संग रुपी घर्षण मिलेगा तभी आत्मा का दर्शन संभव है । अर्थात् आत्मा का ज्ञान से अनुभव किया जा सकता है । यह जगत कार्य क्षेत्र है । कर्मकरने की जगह है । इस संसार में रहकर कुछ प्राप्त करना संभव है । वह प्राप्त करने लायक मात्र सत्संग है । हमें सत्संग मिला है इसलिये सबकुछ प्राप्त होगया है । मात्र जरुरत है पुरुषार्थ करने की । जिस तरह विद्यार्थी जब विद्यालय जाता है तब उसकी पूर्व तैयारी होती है । उसके पास विद्याप्राप्ति के सभी साधन होते है - पुस्तक - पेन- शिक्षक इत्यादि । शिक्षक ध्यानपूर्वक पढाते हैं फिर भी विद्याप्राप्ति विद्यार्थी के ऊपर होता है । उसे अधिक तैयारी करना है, लिखना है, याद करना है, घन्टो-घन्टो तक चिन्तन करना है, मन के अनुकूल चित्र बनाना है, अथवा पन्ने फाडने हैं । इसी तरह हम भी सत्संग में आये है तो महाराज हम सभी के लिये तैयार करके दिये हैं । हमें मंदिर दिये है, संतो को दिये है, आचार्यश्री को दिये है, सत् शास्त्रो को दिये है. अब इसके बाद हमारा यह कर्तव्य है कि सत्संग में से हम क्या प्राप्त करते हैं । सत्संग में से ज्ञान प्राप्त करके परमात्मा तक पहुंचना है । संसार में फंसना नहीं है । सत्संग मिला है इसलिये हम अवश्य संसारचक्र से उबर सकते हैं । सत्संग का सहारा लेकर अक्षरधाम की प्राप्ति संभव है । सत्संग अंधकार से प्रकाश की तरफ ले जाता है । हम जमीन में बीज डालते है तो बीज उगते है इसी तरह सत्संग में एक-एक पल उग निकलता है । इसलिये सत्संग का बल रखना चाहिये । हम ऐसा नहीं करते बल्कि संसार के नाशवंत पदार्थो में अपना मन लगाते है । संसार के हम दास बन जाते हैं । अज्ञान के कारण झूठा आभास होने लगता है । आत्मा नहीं हूँ, मैं शरीर हूँ तब उसमे रजोगुण की वृद्धि होती है । उस समय उसके मन में अनेक विचार आने लगते है । जो सतोगुणी होते हैं । उनके भीतर भी रजोगुण तथा तमो गुण का विक्षेप तो आता ही है । यदि सतोगुण के साथ निवेक हो तो वैराग्य के भाव आयेंगे और उसके मन में यह भाव आयेगा कि मेरा इस रास्ते में चलने से पतन होगा । यह सब तभी संभव है जब सत्संग का पूर्ण बल हो । आत्यंतिक उन्नति की अभिलाषा हो तो सत्संग करना चाहिये । सत्संग के माध्यम से दानव प्रकृति वाला मानव प्रकृति का हो जाता है । दानव प्रकृतिवाला धर्म की जगह पर धन, संत की जगह पर संपत्ति, समता की जगह पर ममता की चाहना करता है । किसी के प्रति खराब विचार किसी का नुक्शान करने की भावना जिस में हो वह दानव प्रकृतिवाला होता है । दो मिनट के लिये भी किसी की निन्दा करें तो वह हजार माला फेरने को भी व्यर्थ कर देता है । इसलिये अपने विचारों को सत्संग के माध्यम से पवित्र बनाकर रखने से आत्मकल्याण प्राप्त होगा ।

अपने पास समय बहुत कम है - राजा हो या रंक सभी को एकदिन जाना है । थोडे समय में सबकुछ करना है । यह

मेरा यह तेरा का भाव छोडकर भगवान की भजन करनी चाहिये। यही एकमात्र श्रेय का साधन है। कोई किसी के साथ जाने वाला नहीं है। अंत समय सबकुछ छोड़कर जाना है। इसलिये महाराज की आज्ञा में रहकर भजन-भक्ति करते रहने से तथा नीति-रीति को समझकर वैसा आचरण करने से निश्चित ही यह लोक तो सुधरेगा ही परलोक भी सुधरेगा। अन्तर शुद्धि तथा बाह्य शुद्धि दोने शुद्धि समान भाव से रखकर निर्मल मन में प्रभु का स्मरण करते रहने से अक्षरधाम की प्राप्ति संभव है।

आज निर्जला एकादशी आप लोगों ने की है। इसलिये महाराज से प्रार्थना करते हैं कि आप सभी को महाराज तप तथा भक्ति से पुष्ट करें।

●

पवित्र श्रावण मास

- पटेल लाभुबहन मनुभाई (कुंडाल, ता.कडी)

यद हेश धर्म के विना या भगवान के विना चल सकता है क्या ? श्रावण मास में विशेष पाठ-पूजा या दर्शन करने का नियम है। इस महीने में धार्मिक कार्य करने का विशेष महत्व है। यद्यपि भगवान का दर्शन तथा भजन बारह महीने कल्याण कारी है। यह दर्शन करने का योग मुमुक्षुओं को अनेक प्रकार से कल्याणकारी है। बड़े मंदिर हों या छोटे मंदिर हो सभी कल्याण के साधन है।

इसके अलांवा प्रत्येक व्यक्ति अपने घर में भी पूजा-पाठ तो करता है उसमें भी भगवान का दर्शन होता है। भारत देश में जगह-जगह पर अपने इष्टदेव ने जिन वस्तुओं का उपयोग किया है उन प्रसादी की वस्तुओं में भी भगवान का दर्शन होता है। लेकिन उन वस्तुओं में प्रभु के प्रसादी का भाव होना चाहिये। अपने घर में जो भी शुभ प्रसंग आता है या शुभ कार्य करते है, घर में सभा करते है, सायंप्रातः आरती पूजा करते है, रात्रि शयन के पूर्व जो भगवान की प्रार्थना करते हैं उन सभी में भगवान का दर्शन होता है। लेकिन यह दर्शन का भाव प्रतिदिन नूतन भावों वाला होना चाहिये। घन्टों तक भगवान के सामने खड़े हो या माला फेरते हो लेकिन जब घर पहुंचे तो सब कुछ भूल जाता है।'' इसलिये दर्शन की रीति में अब परिवर्तन लाना जरुरी है।

गाँवो में साधु-संत रास्ते में चलते मिलते है तो गृहस्थ लोग भावपूर्वक प्रणाम करते हैं। शहर के लोग ऐसा नहीं करते। वे मंदिर में जब आते हैं उस समय साधु-संतो के मिलने पर प्रणाम करते हैं। इसका विवेक सभी को होना चाहिये। जब भी दर्शन का योग बने तो एकाग्रभाव से दर्शन करे और उसका सदा चिन्तन करता रहे।

हम जब पूजा करते हो उस समय बगल में टी.वी. चलती हो तो ध्यान प्रभु की तरफ से हटकर टी.वी. की तरफ आ जाने से ध्यान भंग हो जायेगा। पूजा स्थल के पास दैनिक समाचार पत्र रखा हो तो माला फेरते समय ध्यान वहाँ चला जायेगा। ऐसे विचारवालों को पूर्णफल नहीं मिलता। दर्शन में भाव न रहने से नवीन भाव भी नहीं आते। प्रत्येक के भीतर भगवान तो हैं ही, लेकिन उनका दर्शन प्रत्यक्षरुप से कब संभव होगा, जब अन्तर बाह्य का भाव एकरुप होगा तभी देव के भजन भजन में आनंद आयेगा। संयम की आवश्यकता होती है ध्यान की मुद्रा अर्जुन की तरह होनी चाहिये। जिस तरह गुरु द्रोण कौरव और पाण्डवो के बाण विद्या की परीक्षा लिये उस समय सभी से पूछे ऊपर क्या दिखाई दे रहा है - किसी ने कहा वृक्ष, पक्षी, पत्ते, डाली इत्यादि देखने की बात किये लेकिन जब अर्जुन से पूछे तो अर्जुनने कहा कि पक्षी की आंख दिखाई दे रही है। इसी तरह संयम-विवेक से, एकाग्रता से कोई भी कार्य किया जाय तो उसमें सफलता अवश्य मिलेगी। दर्शन के समय आंख के साथ मन को भी लगाना चाहिये। तभी दोनो के समन्वय से पूर्ण दर्शन का लाभ मिलेगा। भगवान की भजन भक्ति करने से पारिवारिक क्लेश दूर होता है, मन में शांति मिलती है। व्यापार-धंधा में बरक्कत होती है। पारिवारिक एकता बढती है यह सब प्रभु के भजन का प्रभाव है। प्रतिदिन भगवान की प्रार्थना करते समय यह कहना चाहिये कि हे प्रभु ! आप हमें भक्ति प्रदान की जिये और संसार के मोह माया के बन्धन से दूर कीजिये जिस से मैं आप के भजन भक्ति में लवलीन रह सकूं। ऐसा कहते रहने से भगवान एक दिन अवश्य प्रार्थना सुनेंगे।

श्री स्वामिनारायण मासिक के वार्षिक शुल्क भरने वाले सदस्यों को सूचना

श्री स्वामिनारायण मासिक के वार्षिक शुल्क भरने वाले सदस्यों को सूचना है कि प्रत्येक वर्ष जब शुल्क भरें तो एम.ओ. अथवा चेक या प्रत्यक्ष भरने आवें तो उसका सदस्य नम्बर अवश्य लिखें। कितने सदस्य सदस्यता का. नं. नही लिखते। सदस्यता नं. के बिना शुल्क नही लिया जायेगा। एम.ओ. के फार्म में शुल्क भेंजते समय भेंट / शुल्क इत्यादि लिखना आवश्यक है।

सत्संग समाचार

अहमदाबाद श्री नरनारायणदेव मंदिर में गुरुपूर्णिमा महोत्सव

परमकृपालु श्री नरनारायदेव के सानिध्य में आषाढ शुक्ल-१५ ता. १२-७-१४ को प्रातः ८-०० बजे श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री का श्री स्वामिनारायण बाग मेमनगर से मंदिर में आगमन के शुभ अवसर पर मंदिर के महंत स्वामीने भव्य स्वागत किया था। सर्व प्रथम श्री नरनारायणदेव की श्रृंगार आरती का दर्शन करके सभा में विराजमान हुये थे। मंदिर के गोर कमलेशभाईने स्वस्तिवाचन किया था। बाद में गुरु पूजन के यजमान श्री लालजीभाई करशनभाई केराई रामपर वेकरा (कच्छ) वर्तमान में गांधीधाम आदि परिवार ने प.पू. आचार्य महाराजश्री का पूजन अर्चन किया था। अमदावाद मंदिर श्री नरनारायणदेव स्कीम कमिटी के सदस्योंने भी पूजन-आरती की थी। गुरुपूजन महोत्सव का सभा संचालन स्वामी नारायणवल्लभदासजीने किया था। अनेक देशों से आये हुये धर्मकुल के आश्रित हरिभक्त १२ बजे तक गुरु पूजन करके चरण स्पर्श के साथ भेंट भी रखे थे। प.पू. महाराजश्री का आशीर्वाद को प्राप्त करके सभी धन्यता का अनुभव कर रहे थे।

प्रासंगिक सभा में पू. महंत शा.स्वा. हरिकृष्णदासजीने समस्त सम्प्रदाय सत्संग के गुरु के स्थान पर दोनो देशों के आचार्य पद पर श्रीहरि द्वारा स्थापित धर्मकुल परंपरा में से ही होना चाहिये इस तरह की वात कहकर सप्रमाण उदाहरण के साथ समझाया था। अन्त में प.पू. आचार्य महाराजश्रीने सभी को हार्दिक आशीर्वाद दिया था।

अनेक धामों से पधारे हुये संत-हरिभक्तों को मंदिर की तरफ से प्रसाद (भोजन) की व्यवस्था की गयी थी। समग्र प्रसंग में स्वामी हरिचरणदासजी, ब्र. स्वा. राजेश्वरानंदजी, को. स्वा. जे.के., को. मुनि स्वामी, योगी स्वामी, भक्ति स्वामी, नटु स्वामी, राम स्वामी (भंडारी) इत्यादि संत मंडलने संत-हरिभक्तों की सेवा करके प्रसन्न किया था। (को. शा. नारायणमुनिदास)

श्री नरनारायणदेव देश के भावि आचार्य महाराजश्री का १७ वाँ प्रागट्योत्सव

श्री नरनारायदेव के भावि आचार्य प.पू. लालजी महाराजश्री का १७ वाँ प्रागट्योत्सव आषाढ कृष्ण-१० ता. २१-७-१४ को अहमदाबाद श्री स्वामिनारायण मंदिर में धूमधाम के साथ मनाया गया था। मंदिर के चौक में प.पू. लालजी महारजश्री का स्वागत असारवा गुरुकुल तथा कोटेश्वर गुरुकुल के बालकों ने बैंड बाजा द्वारा अद्‌भुत कौशल्य के साथ किया गया था। प्रत्येक धाम से संत तथा प्रत्येक गाँव से हरिभक्त इस स्वागत में उपस्थित थे।

उत्सव के बाद श्रीहरि के ६ड़े, ७ वें तथा ८ वें वंशज द्वारा श्री नरनारायणदेव की श्रृंगार आरती की गयी थी। बाद में श्रीहरि के तीनो अपर स्वरुप सभा में बिराजमान हुये थे। मंदिर के गोर श्री कमलेशभाईने स्वस्ति वाचन किया था। पूजन के यमजान श्री कांतिभाई केशरा भूडीया इष्ट लंडन (फोटडी) कृते उनके छोटेभाई श्री दिनेशभाई भूडीया ने प.पू. लालजी महाराजश्री का पूजन-अर्चन करके चरण में भेंट रखकर आशीर्वाद प्राप्त किया था। बाद में सभा में असारवा गुरुकुल तथा कोटेश्वर गुरुकुल के विद्यार्थियों ने आदिवासी वेशभूषा में गर्वा का नृत्य किया था। बाद में पू. महंत स्वामी अमदावाद, जेतलपुरधाम, नारणघाट, असारवा गुरुकुल, छपैयाधाम, वडनगर मंदिर, मूली मंदिर इत्यादि अनेकों धाम से संत महंत तथा स्कीम कमिटी बोर्ड के सदस्यों ने प.पू. लालजी महाराजश्री की आरती उतारकर शुभेच्छा प्रदान की थी।

श्री नरनारायणदेव के महामहोत्सव के उपलक्ष्य में संप्रदाय के मुख्य महाग्रन्थ श्री वचनामृत (२७३) तथा श्री भक्तचिंतामणी का प्रकाशन प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञासे किया गया जिसका विमोचन प.पू. लालजी महाराजश्री के वरद् हाथों से संपन्न हुआ। जिस के दाता श्री लक्ष्मणभाई भीमजीभाई राघवाणी, अ.नि. श्री कानजीभाई भीमजीभाई राघवाणी, श्री प्रेमजीभाई केशराभाई राघवाणी इत्यादि परिवार थे। (बलदिया कच्छ) तथा अपनी उम्र के ६० वर्ष (षष्ठि पूर्ति) के उपलक्ष्य में प्रत्येक मंदिर को दान करने के हेतु से श्री नानजीभाई शामजीभाई भुडीया (कच्छ-फोटडी - वर्तमान में लंडन) इत्यादि हरिभक्त परिवार ने प.पू. बड़े महाराजश्री, प.पू. महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री की आरती उतारकर पूजन करके धर्मकुल का आशीर्वाद प्राप्त किया था। प्रासंगिक सभा में स्वा. हरिकृष्णदासजी, स्वा. आत्मप्रकाशदासजी, स्वा. निर्गुणदासजी, इत्यादि संतोने प.पू. लालजी महाराजश्री को शुभेच्छा प्रदान की थी। प्रासंगिक सभा में स्वा. हरिकृष्णदासजी, स्वा. आत्मप्रकाशदासजी, स्वा. निर्गुणदासजी, इत्यादि संतोने प.पू. महाराजश्री को शुभेच्छा प्रदान कीथी। प्रासंगिक सभा में शास्त्री स्वा. नारायणवल्लभदासजी (वडनगर) तथा शा. स्वा. पुरुषोत्तमप्रकाशदासजी (नाराणघाट) ने सभा संचालन किया था।

अन्त में प.पू. बड़े महाराजश्री अपने आशीर्वाद में बताया कि आज यदि किसी को अधिक आनंद है तो मुझे हैं। वह इस लिये कि लालजी महाराजश्री अब देश विदेशमें शिबिर का आयोजन करके भावि पीढी को तैयार कर रहे हैं। हम उनके विवाह में सूट पहनेंगे, इस तरह कहकर प.पू. लालजी महाराजश्री के बालपन के प्रसंगो का स्मरण किये थे।

बाद में प.पू. लालजी महाराजश्री ने सभी संत हरिभक्तों को

श्री नरनारायणदेव की निष्ठा रखने का शुभाशीर्वाद दिया था।

(शा. नारायणमुनिदासजी)

छपैयाधाम में महिला सत्संग शिबिर

प.पू.अ.सौ. लक्ष्मीस्वरुपा गादीवालाश्री की आज्ञा से तथाउनके सानिध्य में ता. ३०-५-१४ से ता. १-६-१४ तक तृतीय महिला सत्संग शिबिर दंढाव्य प्रदेश के ४० गाँवो की १५०० जितनी बहनो की छपैयाधाम के शिबिर में उपस्थिति हुई थी। अमदावाद कालुपुर मंदिर (हवेली) की सां.यो. बहनो के वक्तापद पर ''श्री घनश्याम बालचरित्र'' की कथा संपन्न हुई थी। जिस में घनश्याम जन्म भूमि में घनश्याम महाराज के जन्मोत्सव का सभी को लाभ मिला था।

इस प्रसंग पर पू. श्री राजा के शुभ वरद् हाथों से आगन्तुक सभी हनो को चोकलेट का प्रसाद दिया गया था। ता. ३१-५-१४ को सभी की प्यारी पू. श्रीराजा के जन्मोत्सव को बहनों ने बडी दिव्यता के साथ मनाया था। ता. १-६-१४ को प.पू.अ.सौ. लक्ष्मीस्वरुपा गादीवालाजी के आशीर्वचन का लाभ तथा चरण स्पर्श का लाभ सतत तीन दिन तक मिलता रहा। इससे बहने अपने जीवन को धन्य मानती थी। अमदावाद (कालूपुर) मंदिर की सां.यो. बहनो द्वारा तप्तमुद्रा (छाप) सभी बहनो को दी गयी थी। शिबिर में आई हुई सभा बहने अपने जीवनको धन्य मान रही थई।

(रुपल बहन - बापुनगर)

श्री नरनारायणदेव महामहोत्सव के उपलक्ष्य में अधोनिर्दिष्ट गाँवो में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से सत्संग सभा हुई थी

श्री स्वामिनारायण मंदिर टांकिया

ता. २२-६-१४ रविवार को रात्रि ८-३० बजे श्री स्वामिनारायण मंदिर में शा. पी.पी. स्वामी (छोटे), शा .माधव स्वामी इत्यादि संतोने गाँव के भक्त एवं डागरवां, आनंदपुरा, करजीसण इत्यादि गाँवो के हरिभक्तों को सभा का लाभ दिया था। सोजा गाँव से श्री नरनारायणदेव भजन मंडल ने नंद संतो के कीर्तन गाया तथा बालकों ने रासगर्वा किया।

(को. महेन्द्रसिंह चौहाण)

रिद्रोल गाँव में सत्संग सभा

आषाढ शुक्ल-११ ता. ८-७-१४ को रात्रि ८-३० बजे से ११ बजे तक सभा का आयोजन किया गया था। जिस में नारायणघाट के महंत शा. पी.पी. स्वामी, कालुपुर के श्रीजी स्वामीने कथा का लाभ दिया था। सभी हरिभक्तों को आज के दिन संकल्प करवाया गया कि सभी लोग प्रतिदिन मंदिर में दर्शनार्थ आवें। इस प्रसंग पर अहमदावाद के श्री विठ्ठलभाई पटेल भी पधारे थे।

(जयंतीभाई पुजारी)

व्यास पालडी

व्यास पालडी गाँव में ता. १९-७-१४ को सत्संग सभा का आयोजन किया गया था। जिस में शा. पी.पी. स्वामी, शा. अभय स्वामी इत्यादि संत मंडलने श्री नरनारायणदेव महोत्सव के विषय में जानकारी दी थी, साथ में भगवान के लीला चरित्र का वर्णन भी किया था।

सभा के विसर्जन होने पर आरती का दर्शन करके सभी प्रसाद लेकर स्वस्थान के लिये प्रस्थान किये थे। श्री नरनारयणदेव युवक मंडल बिलोदरा के युवानो ने कीर्तन भजन करके सभी को आनंदित किया था।

(शा. चैतन्यस्वरुपदासजी, कोटेश्वर)

दहेगाँव श्री स्वामिनारायण मंदिर में १५१ मिनट की महामंत्र धुन

श्री स्वामिनारायण मंदिर दहेगाँव में ता. १९-७-१४ को रात्रि ७-३० से १०-०० बजे तक संत-हरिभक्तों ने श्री स्वामिनारायण महामंत्र की धुन की थी। इस प्रसंग पर श्री नरनारायणदेव युवक मंडल नरोडा के युवानोने तथा गाँव के छोटे-बडे सभी हरिभक्तोंने तन-मन-धन से सेवा की थी। प्रासंगिक सभा में स्वा. चैतन्यस्वरुपदासजी (कोटेश्वर), शा. मुनि स्वामी (कालुपुर) इत्यादि संतोने सर्वोपरि मंत्र की सर्वोपरि माहात्म्य समझाया था। महिला मंडल की सेवा प्रेरणारुप थी।

(को. श्री दहेगाँव)

काशीन्द्रा गाँव में सत्संग सभा

ता. १८-७-१४ को रात्रि में श्री स्वामिनारायण मंदिर काशीन्द्रा में संतो द्वारा सत्संग सभाका आयोजन किया गया था। चैतन्य स्वामी (कोटेश्वर), शा. छपैयाप्रसादजी, को. मुनि स्वामी (कालुपुर) इत्यादि संतोने परमकृपालु श्री नरनारायणदेव की महिमा के साथ आगामी उत्सव की रुपरेखा समझाई थी। गाँव के हरिभक्त सभा में भाग लेकर धन्यता का अनुभव कर रहे थे।

(को. श्री काशीन्द्रा)

श्री स्वामिनारायण मंदिर धमीज

श्री स्वामिनारायण मंदिर धमीज में श्री नरनारायणदेव युवक मंडल नरोडा द्वारा ता. २०-७-१४ को भव्य सत्संग सभा का आयोजन किया गया था। गाँव के प्रत्येक हरिभगत तथा अगल-बगल के गाँवो के हरिभगत सभा का लाभ लिये थे। संतो में चैतन्य स्वामी (कोटेश्वर), छपैया स्वामी, चेतन स्वामी (वहेलाल), नीलकंठ स्वामी इत्यादि संतोने आगामी महोत्सव की रुपरेखा का वर्णन किया था। भगवान की महिमा का भी वर्णन किया गया था। अन्त में भगवान की आरती के बाद सभी प्रसाद लेकर विदा हुए थे।

(को. श्री धमीज)

अहमदाबाद शाहीबाग में सत्संग सभा

शाहिबाग विस्तार में श्री नरनारायणदेव युवक मंडल नारायणघाट द्वारा सभा का आयोजन किया गया था। इस सभा की यजमान अ.सौ. भगवतीबहन प्रवीणभाई (माणसावाला) थी। सभा में चैतन्य स्वामी (कोटेश्वर) ने संत मंडल के साथ आकार आगामी श्री नरनारायणदेव महामहोत्सव की जानकारी दी थी। शा. दिव्य स्वामी तथा बालु स्वामीने भगवान की महिमा समझाई

थी । अन्त में ठाकुरजी की आरती के बाद सभी प्रसाद लेकर धन्यता का अनुभव किये थे ।(श्री न.ना.देव युवक मंडल, नारायणघाट)

मुबारकपुर गाँव में सत्संग सभा

यहाँ पर ता. २१-७-१४ को भव्य सत्संग सभा का आयोजन किया गया था । इस प्रसंग पर सा. पी.पी. स्वामी (नारणघाट) तथा शा. चैतन्य स्वामी (कोटेश्वर) इत्यादि संत मंडल ने परमकृपालु श्री नरनारायणदेव की महिमा के साथ आगामी महोत्सव की जानकारी दी थी । कीर्तन भक्ति के साथ सभा प्रारम्भ हुई । अन्त में मंदिर में बिराजमान ठाकुरजी की आरती करके सभी प्रसाद ग्रहण किया और अपने घर प्रस्थान किये ।

(को. श्री मुबारकपुर)

मोटेरा गाँव में भव्य सत्संग सभा

भगवान श्री स्वामिनारायण के दिव्य चरणों से अंकित मोटेरा गाँव में संत हरिभक्तों के सहयोग से श्री नरनारायणदेव युवक मंडल मोटेरा के युवानो द्वारा कीर्तन भजन के बाद शा. पी.पी. स्वामी (नारणघाट), शा. चैतन्य स्वामी, शा. कुंज स्वामी तथा श्रीजी स्वामी भगवान की महिमा के साथ आगामी महोत्सव की जानकारी दी थी २०० जितने हरिभक्त सभा का लाभ लेकर भोजन का लाभ लेकर धन्यता का अनुभव करते हुये प्रस्थान किये। (को. चौधरी अमृतभाई जे.)

श्री स्वामिनारायण मंदिर सोजा में सत्संग सभा

यहाँ के मंदिर में ता. २६-६-१४ को सुन्दर सत्संग सभा का आयोजन किया गया था । इस सभा में शा. पी.पी. स्वामी (नारणघाट), शा. माधव स्वामी, जसु भगत ने सर्वोपरी श्रीहरि की लीला का वर्णन किया था । यहाँ के युवक मंडलने भजन-कीर्तन किये थे । २०० जितने हरिभक्त सभा का आनंद लेकर कृतकृत्य हो गये थे । (को. श्री मोती राम पटेल)

जनतानगर चांदखेडा

जनतानगर चांद खेडा में ता. ८-६-१४ को रात्रि में ८-०० बजे से १०-३० तक श्री दिनेशभाई भावसार के बंगले में श्री स्वामिनारायण महामंत्र का ४ घंटे की अखंड धुन की गई थी । इस प्रसंग पर कालुपु रमंदिर से योगी स्वामी, माधव स्वामी तथा पुराणी धर्मजीवन स्वामीने धुन की पुर्णाहुति की थी । आरती उतारकर यजमान परिवार को पुष्पहार पहनाकर प्रसन्न किया था ।

श्री स्वामिनारायण मंदिर लुणावाडा (कडीयावाड)

यहाँ के श्री स्वामिनारायण मंदिर में ता. १५-६-१४ को सायंकाल ६ से ८-३० बजे तक सत्संग सभा का आयोजन किया गया था । जिस में अमदावाद मंदिर से शा. मुनि स्वामी, शा. चैतन्य स्वामी (कोटेश्वर), शा. माधव स्वामी, तथा कुंज स्वामी इत्यादि संतोने श्री नरनारायणदेव की महिमा का गुणगान किया था । अन्त में ठाकुरजी की आरती के बाद सभी प्रसाद ग्रहण करके प्रस्थान किये थे । (श्री नरनारायण युवक मंडल - लुणावाडा)

श्री स्वामिनारायण मंदिर महुन्द्रा में सत्संग सभा

श्री नरनारायणदेव युवक मंडल नरोडा द्वारा महुन्द्रा गाँव श्री स्वामिनारायण मंदिरे में ता. १३-७-१४ को शा. चैतन्य स्वामी, को. नारायणमुनि (कालुपुर), शा. छपैया स्वामी, शा. हरिजीवन स्वामी, नटु स्वामी इत्यादि संतोने श्री नरनारायणदेव का तथा धर्मकुल का माहात्म्य समझाया था ।

नरोडा युवक मंडल द्वारा सादरा देश के सभी विस्तारों में सभा का आयोजन किया जाता है ।(श्री न.ना.यु. मंडल - नरोडा)

वर्धा के मुवाडा गाँव में सत्संग सभा

श्री नरनारायणदेव युवक मंडल नरोडा द्वारा सादरा देश में आयोजित तीसरी सत्संग सभा ता. ११-७-१४ को वर्धा के मुवाडा गाँव में की गयी थी । सभा में हरिस्वरुप स्वामी, छपैयाप्रसाद तथा आनंद स्वामीने हरिभक्तो श्री नरनारायणदेव के माहात्म्य के साथ महोत्सव की रुपरेखा बताई थी । अगल बगल सलकी इत्यादि गाँवो के हरिभक्त भी इस सभा में भाग लिये थे ।

(श्री नरनारायणदेव युवक मंडल - नरोडा)

नांदोल गाँव में सत्संग सभा

श्री नरनारायणदेव युवक मंडल नरोडा द्वारा ता. ५-७-१४ को नांदोल गाँव में सत्संग सभा का आयोजन किया गया था । जिस में शा. स्वा. चैतन्यस्वरुप (कोटेश्वर), सा. आनंद स्वामी, को. नारायणमुनि (कालुपुर) इत्यादि संतमंडलने देव-आचार्य के महिमा का गुणगान किया था । इस के साथ ही आगामी महोत्सव की जानकारी दी थी । २०० जितने हरिभक्त सभा का लाभ लिये थे।

प्रत्येक सभा में श्री नरनारायणदेव महामहोत्सव के उपलक्ष्य में धार्मिक तथा सामाजिक कार्यो को भी वेग मिले इस हेतु से प्रवृति की जाती है। (श्री न.ना.देव युवक मंडल-नरोडा)

डांगरवा से श्री नरनारायणदेव के दर्शन की पदयात्रा

समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से ता. ११-७-१४ को डांगरवा वांटो तथा तलपद के हरिभक्तों के सहयोग से परमकृपालु श्री नरनारायणदेव की पदयात्रा गुरुपूर्णिमा के दिन अमदावाद मंदिर में श्री नरनारायणदेव का दर्शन करके पूर्ण की गयी थी । समग्र पदयात्रा में शा. माधव स्वामी प्रेरक थे । डाभी रजुजी शिवाजी (वांटो) पटेल बलदेवभाई बी (तलपद) तथा श्री नरनारायण युवक मंडल के अगुआ डाभी अनंतसिंह इत्यादि की सेवा सराहनीय थी । (कोठारीश्री डांगरवा)

श्री स्वामिनारायण मंदिर (आर.सी. टेकनिकल रोड) घाटलोडिया में रात्रि पारायण तथा पदयात्रा

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से यहाँ के श्री स्वामिनारायण मंदिर में ता. १६-५-१४ से ता. १९-५-१४ तक श्रीमद् भागवत पंचान्ह पारायण का आयोजन किया गया था । जिस के वक्ता स्वा. चैतन्यस्वरुपदासजी (कोटेश्वर) थे । प्रेरक शा. पी.पी. स्वामी (नारायणघाट)ने सुंदर सभा का संचालन किया था

। इस प्रसंग पर कालुपुर मंदिर तथा नारणपुरा मंदिर से संत पधारे थे । पारायण के यजमान श्री सुरेशभाई पी. अमीन परिवार थे । ता. १९-५-१४ को पूर्णाहुति प्रसंग पर प.पू. भावि आचार्य लालजी महाराजश्री पधारकर सभी भक्तों को श्री नरनारायणदेव में निष्ठा रखने का निर्देश दिया था । और यह भी कहा कि किस तरह करने से सभी के वृद्दि के साथ सत्संग में वृद्धि होगी । प.पू.अ.सौ. लक्ष्मीस्वरुपा गादीवालाजी पधारकर बहनो को आशीर्वाद दी थी । ता. ९-६-१४ सोमवार को निर्जला एकादशी को श्री नरनारायणदेव दर्शन के लिये पदयात्रा का आयोजन किया गया था । (समस्त हरिभक्तों द्वारा आर.सी. टेकनिकल रोड)

वडनगर श्री स्वामिनारायण मंदिर में बिराजमान श्री घनश्याम महाराज का ५३ वाँ पाटोत्सव मनया गया

ऐतिहासिक नगरी वडनगर श्री स्वामिनारायण मंदिर में बिराजमान श्री घनश्याम महाराज का ५३ वाँ पाटोत्सव प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के शुभ हाथों से कृष्ण पक्ष १२ ता. २४-६-१४ को अ.नि. भावसार विमलाबहन जगजीवनदास परिवार के यजमान पद पर सम्पन्न हुआ ।

प्रासंगिक सभा में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीने भारत के मा. वडाप्रधान श्री नरेन्द्रभाई के ज्येष्ठ भाई आदरणीय सोमाभाई मोदी का, वनडगर मामलतदारश्री तथा पिताश्री म्होबतसिंह का भी सन्मान करके पुष्पहार पहनाकर किया ।

इस शुभ प्रसंग पर यजमानश्री के भाईश्री भगवानभाई जे. भावसार तथा श्री जयंतीभाई जे. भावसार परिवार ने प.पू. आचार्य महाराजश्री का पूजन-अर्चन करके आरती की ।

सभा में मंदिर के महंत स.गु.शा.स्वा. नारायणवल्लभदासजी तथा अहमदाबाद के स.गु. महंत शा. स्वा. हरिकृष्णदासजी तथा वडनगर के मंदिर के कोठारी शा. स्वा. विश्वप्रकाशदासजीने अपनी प्रेरक अमृतवाणी में वडनगर मंदिर का माहात्म्य कहा ।

अंत में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री श्री नरनारादणदेव की लीला सुनाकर हरिभक्तो को नियम, निश्चय तथा पक्ष में रहने के आशीर्वाद दिये । श्री नविनभाई मोदी ने आभार विधिकी ।

(कोठारी स्वामी, वडनगर)

श्री स्वामिनारायण मंदिर कलोल (पंचवटी, ४२ वे प्रागटयोत्सव के उपलक्ष में अखंड धून तथा सत्संग सभा का आयौजन किया

समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद तथा जेतलपुर के स.गु. महंत शा. स्वा. आत्मप्रकाशदासजी तथा स.गु. पू. शा. पी.पी. स्वामी तथा मंदिर के महंत स.गु. विश्वप्रकासदासजी की प्रेरणा से कलोल पंचवटी के मंदिर में ४२ वाँ प्रागटयोत्सव तथा गादी दशाब्दी महोत्सव के उपलक्ष में २४ घंटे की अखंड महामंत्र धून की गयी । जिस में युवक मंडल, बालमंडल, बालिका मंडल तथा महिला मंडल ने धून का लाभ लिया था । जेतलपुर सेसंत मंडल पधारकर धून की पूर्णाहुति की आरती की ।

कलोल पंचवटी मंदिर में पूज्य स.गु. शा. पी.पी. स्वामी तथा मंहत स्वामी विश्वप्रकाशदासजी की प्रेरणा से श्री नरनारायणदेव युवक मंडल तथा महिला मंडल द्वारा कलोल विस्तार में ४२ वाँ प्रागटयोत्सव तथा गादी दशाब्दी महोत्सव के उपलक्षमें ६० सत्संग सभा करके सभी भक्तों को धर्मकुल के प्रति निष्ठा का गुनगान किया । मंडल द्वारा आसपास के गाँवो में ३० सभाए की गयी । जेतलपुर, कांकरिया, जमीयतपुरा, कलोल मंदिर के संतो द्वारा कथा वार्ता की गयी । (श्री न.ना.देव युवक मंडल, कलोल)

४२ वाँ प्रागटयोत्सव के उपलक्ष में श्री स्वामिनारायण मंदिर कालीयाणा में महापूजा

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा-आशीर्वाद तथा जेतलपुर के पू. महंत शा. स्वा. आत्मप्रकाशदासजी तथा पू. शा. पी.पी. स्वामी की प्रेरणा से प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के ४२ वे प्राकट्योत्सव के उपलक्ष में ता. १५-६-१४ को कालीयाणा मंदिर में समूह महापूजा की गयी । जिस में ४२ भक्तों ने भाग लिया । शा. स्वा. यज्ञप्रकाशदासजी (कांकरीया) तथा शा. भक्तिनंदन स्वामी (जेतलपुर) आदि संतोने महापूजा विधिपूर्वक किया । ता. २२-६-१४ को ४२ घंटो की अखंड धुन श्री नरनारायणदेव युवक मंडल द्वारा की गयी । (अरजणभाई मोरी)

श्री स्वामिनारायण मंदिर हर्षद कोलोनी

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा-आशीर्वाद से इस पर्ष का बारिश कम होने के कारण परोपकार की भावना से बारिश हो इस हेतु से श्री स्वामिनारायण मंदिर (भाईयों का) में १ घंटे तक तथा बहनो के मंदिर में ता. २६-६-१४ को ३ घंटे तक श्री स्वामिनारायण महामंत्र धुन की गयी । (गोरधनभाई सीतापरा)

श्री स्वामिनारायण मंदिर मेधाणीनगर में सत्संग सभा का आयोजन

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा-आशीर्वाद से तथा मेघाणीनगर मंदिर सत्संग समाज के साथ सहकार से प्रत्येक रविवार को तथा प्रत्येक एकादशी को रात्रि सत्संग सभा की गयी । रविवार की सभा में श्री जयंतीभाई सुतरीया (बापुनगर) धून, कीर्तन तथा कथा वार्ता का लाभ देते हैं । एकादशी की सभा में अहमदाबाद मंदिर के संतगण कथावार्ता का लाभ देते है । ज्येष्ठ कृष्णपक्ष-११ एकादशी को सभा में कालुपुर मंदिर से धर्मप्रवर्तक स्वामी, श्री नरनारायणदेव के पुजारी ब्र. स्वामी मुकुंदानंदजी पधारे थे । ब्रह्मचारी स्वामीने विवेचन के साथ नंद संतो द्वारा रचित कीर्तन गाया । (गोरधनभाई सीतापरा)

भाभर श्री नरनारायणदेव सत्संग मंडल द्वारा अबासणा गाँव में सत्संग सभा का आयोजन

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से भाभर (बनासकांठा) जिले के अलासणा गाँव में ता. २८-६-१४ को रात में भाभर श्री नरनारायण सत्संग मंडल द्वारा सत्संग सभा में यमदंड की तथा

व्यसन मुक्ति की विडियो फिल्म बतायी गयी । आसपास के गाँव के लोगोने भाग लिया । सभा की यजमान श्रीमती गेनीबहन ठाकोर थी । जिल्ला पंचायत के सदस्य भुराजी ठाकोर तथा सरपंचश्री मानसंगजी ठाकोरने सुंदर व्यवस्था की । ५०० भक्तोने सभा का लाभ लिया । श्री नटुभाई कानाबार द्वारा सभा का आयोजन किया जाता है। (रमेशभाई कानाबार, भाभर)

मूली प्रदेश के सत्संग समाचार

मूली में श्रीराधाकृष्ण हरिकृष्ण महाराजश्री मांडवरायजी प्रवेशद्वार का उद्घाटन

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा मूली मंदिर के महंत स्वामी श्यामसुंदरदासजी के मार्गदर्शन से मूली गाँव के मेइन रोड के ऊपर राजस्थान के बंशी पहाडपुर के गुलाबी पत्थर से मंदिर द्वारा सुंदर नयनरम्य ''श्रीराधाकृष्ण हरिकृष्ण महाराज श्री मांडवरायजी प्रवेश द्वार'' गुरुपूर्णिमा ता. १२-७-१४ को प.पू. बड़े महाराजश्री के वरद् हाथों से उद्घाटित किया गया था । इस प्रसंग पर गाँव के सभी स्थानिक क्षत्रिय उपस्थित थे ।

बाद में प.पू. बड़े महाराजश्री अपने मंदिर के ठाकुरजी का दर्शन करके श्री ब्रह्मानंद सभा मंडप में बिराजमान हुये थे । यहाँ के महंत स्वामी, आज के गुरुपूजन के यजमान परिवार श्री जयंतीभाई पटेल, श्री नवीनभाई मांडलिया तथा मूली के पू. संत तथा हरिभक्त सभी ने प.पू. महाराजश्री का पूजन अर्चन किया था । मंदिर के गोर द्वारा स्वस्ति वाचन किया गया था । संत मंडल तथा यजमान परिवारने समूह में गुरुपूजन के बाद आरती की थी । प्रासंगिक सभा में पू. महंत स्वामी तथा शा. चैतन्यस्वरुपदास (कोटेश्वर)ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला था । शा. स्वा. सूर्यप्रकाशदासजीने गुरु पूर्णिमा को धर्मकुल का क्या महत्व है इस पर चर्चा की थी । अन्त में पू. बड़े महाराजश्रीने श्रीराधाकृष्णदेव हरिकृष्ण महाराज की निष्ठा-उपासना-निश्चय रखने का आशीर्वाद दिया था । हजारो भक्तोंने प.पू. बड़े महाराजश्री का चरण स्पर्श का लाभ लिया था । सभा संचालन शैलेन्द्रसिंहने किया था। आज के प्रसंग पर भोजनालय में को. ब्रज स्वामी, हरिकृष्ण स्वामी, जे. के. स्वामी, भरत भगत तथा प्रवीण भगतने सुंदर सेवा की थी ।

(शैलेन्द्रसिंह झाला)

विदेश सत्संग समाचार

आई.एस.एस.ओ. श्री स्वामिनारायणमंदिर वोशिंग्टन डी.सी. प्रथम पाटोत्सव

आई.एस.एस.ओ. श्री स्वामिनारायण मंदिर एम.डी.डी.सी. का प्रथम पाटोत्सव ता. २३-६-१४ से २०-६-१४ तक समग्र धर्मकुल के पावन उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया था । डी.सी. के सभी हरिभक्त सहयोग की भावना के साथ इस उत्सव को संपन्न किये ते । इस प्रसंग पर श्रीमद् सत्संगिभूषण सप्ताह का आयोजन भी किया गया था । कथा शा. स्वा. अभयप्रकासदासजीने किया था ।

पाटोत्सव के पावन प्रसंग पर प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी, प.पू. लालजी महाराजश्री, पू. श्रीराजा, पू. बीन्दुराजा तथा श्री सौम्यकुमार एवं सुव्रतकुमार की शुभ उपस्थिति का सभी हरिभक्तों ने दिव्य लाभ लिया था । पाटोत्सव के अवसर पर पू. श्रीराजा का जन्मदिन होने से बड़ी दिव्यताके साथ जन्मोत्सव भी मनाया गया था । यहाँ के महंत स्वामी व्रजभूषणदासजी तथा स्वा. रामकृष्णदासजी की प्रेरणा से समग्र उत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया । इसके साथ प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री सत्संग का विकास देखकर खूब प्रसन्न हुये थे । इस से भी अधिक वृद्धि हो ऐसा आशीर्वाद भी दिये थे । मंदिर में वरसों से प्रेसिडेन्ट की सेवा करने वाले श्री कनुभाई पटेल की सेवा की प्रसंशा किये थे । उनके स्थान पर श्री राजूभाई पटेल को सेवा का उत्तरदायित्व दिये थे । सतत सात दिन तक कथा-प्रसाद का सभी को लाभ मिला था । विशेषरुप से धर्मकुल का आशीर्वाद तथा पाटोत्सव का दर्शन स्मृतिदायक था ।

(शा.स्वा. रामकृष्णदासजी)

श्री स्वामिनारायण मंदिर आटलान्टा (जी.ए.) तृतीय पाटोत्सव संपन्न

श्रीहरि की कृपा से तथा श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा यहाँ के महंत स्वामी सत्यस्वरुपकी प्रेरणा से तथा जेतलपुर धाम के स.गु. शा. स्वा. पुरुषोत्तमप्रकाशदासजी के मार्गदर्शन में श्री स्वामिनारायण मंदिर आटलान्टा का तृतीया पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया था । पाटोत्सव के उपलक्ष्य में ३ जुलाई से ५ जुलाई २०१४ तक श्रीमद् सत्संगीजीवन द्वितीय प्रकरण की कथा शा.स्वा. श्रीजीप्रकाशदासजी के वक्तापद पर सम्पन्न हुई थी । इसके साथ बालक-बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया था।

ता. ५-७-१४ को प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री के वरद् हाथों ठाकुरजी का षोडशोपचार अभिषेक किया गया था । सभा में यजमान परिवार ने प.पू. आचार्य महाराजश्री की तथा प.पू. लालजी महाराजश्री की आरती उतारी थी । यहाँ पधारे हुए संतो ने प्रेरक आशीर्वचन दिया था । बहनो की सभा में प.पू.अ.सौ. गादीवालाश्रीने बहनो को आशीर्वाद देते हुये कहा कि सत्संग की इससे भी अधिकवृद्धि हो । इस प्रसंग में अनेकों धाम से संत पधारे थे । यु.के. के ४५ हरिभक्त तथा आटलान्टा एवं अगलबगल के ७०० जितने हरिभक्त सभा में बैठे थे । प.पू. आचार्य महाराजश्रीने सभी को सुख शांति-समृद्धि का आशीर्वाद दिया था । पू. महाराजश्री ने श्री हनुमानजी की गदा का पूजन-अर्चन करके आरती उतारी थी ।

श्री नरनारायणदेव युवक मंडल की सेवा प्रेरणारुप थी । अंत मे ठाकुरजी येअन्नकूट दर्शन का लाभ मिला था । यहाँ

प्रेसीडेन्ट श्री दक्षेशभाई पटेल तथा सेक्रेटरी श्री राजुभाई के मार्गदर्शन में युवक मंडल की बहनोने भोजनालय में अन्नकूट की सामग्री तैयार करने में प्रेरणारुप थी । तीसरे पाटोत्व को सभी अपने जीवन में उतारकर धन्यता का अनुभव कर रहे थे ।

(कमिटी आटलान्टा मंदिर)

श्री स्वामिनारायण मंदिर कोलोनिया गुरुपूर्णिमा उत्सव

श्री स्वामिनारायण मंदिर कोलोनिया में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के आशीर्वाद से आषाढ शुक्ल-१५ शनिवार को सायंकाल ५ बजे से ८ बजे तक गुरुपूर्णिमा उत्सव महंत शा. धर्मकिशोरदाजी तथा शा. नरनारायणदासजी की प्रेरणा से हरिभक्तों ने धूमधाम से मनाया था । सर्व प्रथम महामंत्र धून-कीर्तन-भक्ति की गयी थी । बाद में महंत स्वामीने अपने गुरु धर्मवंशी आचार्य महाराजश्री श्री नरनारायणदेव गादी पीठ स्थान पर विराजमान है ऐसा कहकर उन तसवीर का पूजन अर्चन करके उनके महत्व को भक्तों के सामने प्रस्तुत किया ।(प्रवीणभाई शाह)

श्री स्वामिनारायण मंदिर लुईवील कंटकी

श्री स्वामिनारायण मंदिर मूलीधाम लुईवील कंटकी में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से योगिनी एकादशी को विकेन्ड में शा. धर्मवल्लभ स्वामी तथा हरिनंदन स्वामी की प्रेरणा से संत-हरिभक्तोने श्री स्वामिनारायण महामंत्र धून तथा कीर्तन किया था । बाद में ह्युस्टन मंदिर के सेवानिष्ठ श्री नरनारायणदेव तथा धर्मकुल केनिष्ठावाले प.. श्री देवेन्द्रभाई पटेल तथा उनकी धर्मपत्नी कोकिलाबहन, उनकी बहन अनसूयाबहन तथा जयंतीभाई के आकस्मिक अक्षरवास पर उन्हे श्रद्धांजलि देने के लिये सभी ने धुन की थी । (परवीनभाई)

कुरियक या सादे कवर में पैसे नहीं भेंजे

कुरियर या सादे कवर में पैसे नहीं भेंजे अन्यथा उसके न मिलने का उत्तरदायित्व भेंजने वाले का होगा, इसकी सभी जानकारी करलें ।

अक्षरनिवासी हरिभक्तों को भावभीनी श्रद्धांजली

प.भ. रसिकभाई अंबालाल पटेल के अक्षरवास के निमित्त श्री नारणपुरा में श्रद्धांजलि सभा

प.भ. रसिकभाई अंबालाल पटेल (मोखासणवाला) श्री नरनारायणदेव स्कीम कमिटी बोर्ड के सदस्य के अक्षरवास के निमित ता. १३-७-१४ को सायंकाल ६-०० बजे श्री स्वामिनारायण मंदिर नारणपुरा में श्रद्धांजलि सभा रखी गयी थी । जिस में महंत शा. स्वा. हरिॐप्रकाशदासजी, प.भ. नटुभाई पटेल, प.भ. रमेशभाई एन. पटेल, प.भ. रमेशभाई पटेल (पुलवाला) इत्यादिजनों ने उनके सद्‌गुणों का गुणगान किया था । श्री नरनारायणदेव की निष्ठा धर्मकुल की निष्ठा के विषय में उन की पत्नी कान्ताबहन, अमेरिका में रहने वाले पुत्र श्री जयेशभाई तथा श्री संजयभाई इत्यादि परिवार की सेवा की स्तुति की गयी थी । श्री स्वामिनारायण म्युजियम में भी उनकी सेवा की सुवास प्रसिद्ध है । मोखासण तथा दंढाव्य प्रदेश के मोखरा के सेवा भावी हरिभक्तों के विशेष गुणों का स्मरण करके भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ श्री स्वामिनारायण महामंत्र की धुन की गयी थी ।पटेल घनश्यामभाई उवारसदवाला)

नारणपुरा (कडी) : प.भ. नथुभाई नानदास पटेल (उम्र ९२ वर्ष) ता. ८-६-१४ को श्रीहरि का अखंड स्मरण करते हुये अक्षरनिवासी हुये हैं ।

माधवगढ (प्रांतिज) : प.भ. जयंतीभाई प्राणलाल पटेल ता. २०-६-१४ को श्रीहरि का अखंड स्मरण करते हुये अक्षरनिवासी हुये हैं ।

अमदावाद (घाटलोडीया) : प.भ. रजनीकांत बाबूभाई पटेल ता. २५-६-१४ को श्रीहरि का अखंड स्मरण करते हुये अक्षरनिवासी हुये हैं ।

लाठीदड (वर्तमान में बोटाद) : पार्षद क्षी बाबू भगत श्री हनुमानजी के पुजारी के पूर्वाश्रम के बड़े भाई प.भ. नानजीभाई मथुरभाई (उम्र ६५ वर्ष) ता. २-७-१४ को श्रीहरि का अखंड स्मरण करते हुये अक्षरनिवासी हुये हैं ।

गोधावी : प.भ. शांतुभा गोविंदसिंह वाघेला ता. २-७-१४ को श्रीहरि का अखंड स्मरण करते हुये अक्षरनिवासी हुये हैं ।

समौ : प.भ. रमीलाबहन रोहितकुमार दरजी ता. २-७-१४ को श्रीहरि का अखंड स्मरण करती हुई अक्षरनिवासिनी हुई हैं ।

रवानपुर : प.भ. वसंतलाल मणिलाल पटेल ता. ६-७-१४ को श्रीहरि का अखंड स्मरण करते हुये अक्षरनिवासी हुये हैं ।

वांकानेर : प.भ. पाटडीया वसंतभाई विठ्ठलदास की माताजी मंजुलाबहन (उम्र ८३ वर्ष) ता. १३-७-१४ को श्रीहरि का अखंड स्मरण करती हुई अक्षरनिवासिनी हुई हैं ।

संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक : महंत शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी द्वारा, श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद के लिए श्रीस्वामिनारायण प्रिन्टींग प्रेस, श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद (गुजरात) पीन कोड-३८० ००१ से मुद्रित एवं श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद (गुजरात) पीन कोड-३८० ००१ द्वारा प्रकाशित ।

प.पू. लालजी महाराजश्री का १७ वाँ जन्मोत्सव

श्री नरनारायणदेव महोत्सव के उपलक्ष्य में प.पू. आचार्य महाराजश्री एवं प.पू. लालजी महाराजश्री की उपस्थिति में अहमदाबाद देश के कोठारीश्री एवं प्रतिनिधियों की सभा ।

Registered under RNI NO.-GUJHIN/2007/20220 "Permitted to post at Ahd PSO on 11th every month under postal Regd. No.GUJ.581/12-14 issued SSP Ahd Valid up to 31-12-2014

श्री नरनारायणदेव गादी के पीठाधिश्वर और लाखो आश्रितो के धर्मगुरु की सादगी और विनम्रता के दर्शन - बायरन मंदिर में अपने सन्तवृन्द के साथ जमीन पर बैठकर ठाकुरजी का प्रसाद ग्रहण करते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री।

Prafull Kharsani